संख्या- 3/1514 /47-का-3-2013-24/12/2001

प्रेषक

आर0 एन0 उपाध्याय
सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में

महानिदेशक
उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी
सेक्टर-डी, अलीगंज, लखनऊ।

कार्मिक अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक : 27 सितम्बर, 2013

विषय : उ0प्र0 प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी हेतु सृजित 05 संकाय सदस्यों के रिक्त पदों पर नियुक्ति के संबंध में।

****

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-1-387डी/627, दिनांक 14.08.2013 के संदर्भ में मुझे आपको सूचित करने का निदेश हुआ है कि अकादमी की बोर्ड आफ गवनर्स की सातवीं बैठक दिनांक 14.07.2011 में संकाय सदस्यों की शैक्षिक अर्हता, अनुभव संविदा अवधि, वेतन आदि के संबंध में पारित प्रस्ताव पर सम्यक् विचारोपरान्त शासन द्वारा उक्त प्रस्ताव पर सहमति प्रदान करते हुए संकाय सदस्यों के रिक्त पदों पर नियुक्ति किए जाने की अनुमति प्रदान कर दी गयी है।

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्त पदों पर चयन हेतु उत्तर प्रदेश प्रशासनिक अकादमी (संकाय) (गैर प्रशासनिक) (राजपत्रित) सेवा नियमावली-1992 (जो उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा **ए0टी0आई0 नैनीताल** के लिए बनायी गयी थी) के नियम-16 में विहित व्यवस्थानुसार चयन-समिति गठित करके पारदर्शितापूर्ण रीति से की जाय। इसके लिए अकादमी के बोर्ड द्वारा उक्त नियम-16 को अंगीकृत किए जाने की कार्यवाही की जाय एतदर्थ बोर्ड का कार्योत्तर अनुमोदन भी प्राप्त किया जा सकता है।

भवदीय

(आर0एन0 उपाध्याय)
सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in